प्रेसविज्ञप्ति

चित्तरंजनरेलइंजनकारखाना

चिरेका के कर्मचारियों को अगस्त 2024 माह के लिए मिला"मैन ऑफ़ द मंथ"अवार्ड

चित्तरंजन,10.09.2024;

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में सेवारत (1) श्री अंकित कुमार वर्मा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/डी एंड डी सेंटर/इलेक्ट्रिकल विभाग (2) श्री बिनय मिरांडी, सीनियर टेक्नीशियन/शॉप-19/इलेक्ट्रिकल विभाग (3) श्री सुभाष दास, सीनियर टेक्नीशियन, ट्रैक्शन मोटर्स शॉप-23/इलेक्ट्रिकल विभाग (4) श्री संजीब दास; सीनियर टेक्नीशियन/इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप-05/मैकेनिकल विभाग और (5) श्री कुणाल कुमार सिंह; टेक्नीशियन ग्रेड III/शॉप-12; मैकेनिकल विभाग को अगस्त, 2024 के महीने के लिए "मैन ऑफ द मंथ" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनके असाधारण प्रदर्शन, समर्पण और योगदान के लिए दिया गया है। महाप्रबंधक श्री हितेंद्र मल्होत्रा के कर कमलों द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने सभी पुरस्कार ग्रहण करने वाले कर्मचारियों को बधाई दी।

श्री अंकित कुमार वर्मा ने CRIS सर्वर के साथ RMS डेटा के एकीकरण और vendor base को बढ़ाने के लिए नई Propulsion system को customize करने में अनुकरणीय कार्य किया है।

श्री बिनय मिरांडी ने power converter, auxillary converter, HB-I और HB-II, traction motor cable connection आदि कार्य में सक्रीय योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अन्य ऑपरेटरों को 'on job training' देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री सुभाष दास ने बिना किसी विफलता के प्रतिवर्ष 1800 से अधिक coil का insulation कार्य पूरा किया है।

श्री संजीव दास ने जुलाई 2024 में motorised बोगियों का उच्चतम मासिक उत्पादन (51 लोको सेट) प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्री कुणाल कुमार सिंह को WAG-9HC, modified WAP-5 के aerodynamic और flat cab के शेल fabrication तथा WAG-9HC के लिए modified roof channel और gutter assembly के fabrication का कार्य सौंपा गया है।

सेवामें,

समाचारसंपादक

------------------------